C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:11 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:38 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 223 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

महाकाल चलो गाने के विवाद पर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पटवाडांगर क्षेत्र में 12 घंटे बिजली गुल

**नैनीताल ।** तेज हवाओं के चलते नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र में बिजली की लाइन टूटने से पटवाडांगर क्षेत्र में 12 घंटे बिजली गुल रही। शिकायत के बाद विभाग की ओर से क्षतिग्रस्त लाईन को दुरूस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है। बता दें कि नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में बुधवार की सुबह से ही तेज हवाएं चल रही थी। जिसके चलते मनोरा व बल्दियाखान के आस पास पेड़ की टहनियां टूट गई। टहनियां टूट कर बिजली की लाईन में गिर गईए जिससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। देवीधूरा समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में रातभर अंधेरा रहने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों की शिकायत के बाद उर्जा निगम की ओर से वीरवार को क्षेत्र में बिजली की लाइन के ऊपर गिरी टहनियों को हटाकर लाइनों को दुरूस्त किया गया। 12 घंटे के बाद गांव में लाइन आने से लोगों ने चैन की सांस ली। एसडीओ पर्यंक पांडे ने बताया कि तेज हवा के चलते पेड़ों की टहनियों से बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। क्षतिग्रस्त लाईन को दुरूस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है।

### 237वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 जारी करने को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन वीरवार को 237वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने रीवर राफ्टिंग प्रशिक्षण में भाग ले रहे थे छात्रों के साथ पिथौरागढ़ स्थित गुरना देवी मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। गुरु रानी ने कहा कि प्रकृति संरक्षण का यह कार्य पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों के सहयोग से किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि यह पौधारोपण आंदोलन आने वाले समय में संगठनों के लिए और राज्य के लिए एक नजीर बनेगा।

## पहाड़ से मैदान तक बिगड़ा मौसम, बारिश-बर्फबारी से बढ़ी ठंड

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और ओलावृष्टि के साथ कुछ स्थानों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।
उत्तराखंड में आज भी मौसम बिगड़ा है। पहाड़ से मैदान तक बारिश और बर्फबारी ने ठंड में इजाफा कर दिया है। गंगोत्री-यमुनोत्री और हर्षिल में भारी बर्फबारी हो रही है।
उधर, देहरादून समेत हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, नैनीताल व चम्पावत जिले के अधिकांश इलाकों में बारिश हो रही है। वहीं, मौसम केंद्र की ओर से 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और ओलावृष्टि के साथ कुछ स्थानों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, एक मार्च के बाद प्रदेशभर में मौसम खुलने के आसार हैं।
सर्दियों में पहली बार दो दिन से लगातार हुई बारिश से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। देहरादून की बात करें तो बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 12.3 डिग्री का अंतर देखने को मिला। बीते बुधवार को यहां का अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री दर्ज किया गया था। जबकि, बृहस्पतिवार को सामान्य से आठ डिग्री की कमी के साथ 16.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।
मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सीजन में पहली बार पश्चिमी विक्षोभ इस मजबूती के साथ सक्रिय हुआ है। इसके चलते बारिश-बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई है।
बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, लाल माटी, नंदा घुंघटी, औली, गोरसों के साथ ही नीती और माणा घाटियों में बर्फबारी हुई जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश होने से ठंड बढ़ गई।
केदारनाथ में तड़के से ही घने बादल छाए हैं। दो दिन से बर्फबारी हो रही है। धाम में लगभग आधा फीट तक ताजी बर्फ जम चुकी है और पहले से लगभग सवा फीट तक बर्फ जमा है। उधर, माणा, नीति घाटी, औली, द्वितीय केदार मद्महेश्वर, तृतीय केदार तुंगनाथ, पर्यटक स्थल चोपता, कालीशिला के ऊपरी क्षेत्र के साथ ही गौंडार, तोषी और त्रियुगीनारायण के ऊपरी जंगलों में भी हल्की बर्फबारी हुई है।





एयर फोर्स से मदद मांग

## माणा कैंप के पास हिमस्खलन में दबे 57 मजदूर, 10 को बाहर निकाला






**चमोली/देहरादून**
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि माणा और माणा पास के बीच हिमस्खलन होने से मजदूरों के दबने की सूचना है। एयर फोर्स से मदद मांगी जा रही है।

उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के बीच शुक्रवार को भारत-चीन (तिब्बत) सीमा क्षेत्र में माणा कैंप के पास भारी हिमस्खलन हुआ है। इस दौरान वहां निर्माण कार्य में लगे 57 मजदूर बर्फ में दब गए। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि अब तक 10 मजदूरों को निकाल लिया गया है। वहीं, तीन लोगों को आईटीबीपी व सेना की मदद से सेना अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। अन्य की तलाश जारी है। क्षेत्र में मौसम खराब होने के चलते संचार सेवा ठप पड़ी है। चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि माणा और माणा पास के बीच हिमस्खलन होने से मजदूरों के दबने की सूचना है। एयर फोर्स से मदद मांगी जा रही है। सेना, आईटीबीपी रेस्क्यू में लगी है। एनडीआरएफ की टीम को भी मूव कर दिया गया है। चमोली में हिमस्खलन की घटना ने साल 2021 में चमोली के रैणी में ग्लेशियर टूटने से आई आपदा की याद दिला दी। तब ग्लेशियर टूटने से ऋषिगंगा में बाढ़ के कारण 206 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, कई अब भी लापता है।

## सुबह-सुबह भूकंप के झटके, तीव्रता 6.1 रही

**पिथौरागढ़**
हमारे संवाददाता



**हड़कंप**
- नुकसान की खबर नहीं नेपाल रहा केंद्र बिंदु
- नेपाल, भारत, पाकिस्तान और तिब्बत तक महसूस हुए झटके

महज कुछ घंटों के भीतर में एक साथ चार देशों की धरती कांपी है। नेपाल, भारत, पाकिस्तान और तिब्बत इन चारों देशों में जोरदार भूकंप आया। नींद में सोए लोग जाग गए, बिहार से लेकर बंगाल तक इस भूकंप के झटके महसूस हुए। फिलहाल इस भूकंप से किसी नुकसान की खबर नहीं है।

भूकंप का केंद्र हिमालयी राष्ट्र के मध्य क्षेत्र के सिंधुपालचौक जिले में था। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि भूकंप का केंद्र सिंधुपालचौक जिले के भैरवकुंडा में सुबह करीब 2:51 बजे (स्थानीय समय) आया। सुबह-सुबह आए इस झटके से नेपाल के कई इलाकों, खासकर पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में लोगों ने भूकंप महसूस किया। भारत और तिब्बत, चीन के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

किसी के घायल होने या बड़ी क्षति की तत्काल कोई सूचना नहीं है, लेकिन स्थानीय अधिकारी वर्तमान में प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति का आकलन कर रहे हैं। नेपाल में विनाशकारी भूकंपों के इतिहास को देखते हुए, अधिकारियों ने निवासियों को संभावित झटकों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है।

बिहार की राजधानी पटना समेत नेपाल और पाकिस्तान में शुक्रवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक बिहार में देर रात करीब 2:30 बजे पटना, भागलपुर, समस्तीपुर और दरभंगा में इसका असर देखने को मिला. इसका केंद्र नेपाल में बताया जा रहा है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.1 बताई जा रही है।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन पदाधिकारी व पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष का स्वागत

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभागार में पहुंचे उत्तर प्रदेश के राज्य सभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर का हाईकोर्ट बार एसोसिएशन पदाधिकारी व पूर्व बार के अध्यक्ष डीसीएस रावत व पूर्व महासचिव जयवर्धन कांडपाल सहित सौरभ अधिकारी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद नागर द्वारा हाई कोर्ट बार सभागार में वन नेशन- वन इलेक्शन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा लंबे समय से एक देश एक चुनाव की मांग को देखते हुए भारत सरकार इसे एक ही समय पर कराने के लिए कवायद कर रही है। कहा कि इसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली 2 सितंबर 2023 को 8 सदस्यीय एक कमेटी बनाई गई जिसने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी गयी थी, वही अब इस बिल को लेकर भाजपा ने आम लोगों की भागीदारी व उनके विचार जानने के लिए देश के आमजन लोगों से सुझाव लिए जा रहे है ताकि उनके सुझावों पर अमल किया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर सभी राजनीतिक पार्टियों का समर्थन मिलता है तो फिर इस बिल के पास होने के बाद एक समय पर चुनाव कराए जाएंगे। राज्यो में अलग-अलग चरणों में होने वाले चुनाव पर खर्च होने वाले पैसों की बचत होगी, साथ ही मैनपॉवर का भी सही इस्तेमाल हो सकेगा।

## शादी समारोह से लौट रहे बोलेरो सवार चार की गई जान

**चंदौली**
एजेंसी



चंदौली जिले में ट्रक और बोलेरो की टक्कर में चार लोगों की जान चली गई। वहीं सात लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चंदौली जिले के नौगढ़- मधुपुर मार्ग पर जयमोहिनी पोस्ता गांव के पास बृहस्पतिवार की रात ट्रक और बोलेरो की आमने- सामने टक्कर हो गई। इस घटना में बोलेरो सवार चार लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन बच्चों सहित सात लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को सोनभद्र के अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहाबगंज थाना के पालपुर गांव में शादी समारोह था। 22 फरवरी को हुए कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बृहस्पतिवार की रात बोलेरो में सवार होकर आठ बड़े और तीन बच्चे सोनभद्र के रेणुकूट के लिए निकले थे। रात में लगभग 12 बजे बोलेरो जयमोहिनी पोस्ता के समीप पहुंचा थी कि सामने से ट्रक आ गया। तेज रफ्तार बोलेरो की ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और सभी सवार अंदर फंस गए। टक्कर की आवाज सुनकर एकत्र ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और बोलेरो में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इस घटना में पालपुर चकिया निवासी इश्तखार अहमद उर्फ प्रधान (45) पुत्र शेरा अली, करमहट्टी कोलकाता निवासी अख्तर अंसारी( 50), हकीमुन निशा (35) पत्नी शाहजहां और सायना (07) पुत्री राजा की मौत हो गई।
घटना में कोलकाता निवासी नूर अहमद पुत्र स्व. अली अकबर, रोशन आरा पत्नी शाहिद, साबरा खातून पत्नी अनवर अली, अफसाना खातून पत्नी नूर अहमद के साथ दो वर्ष, पांच वर्ष और आठ वर्ष की तीन बच्चियों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को छोड़ कर मौके से भाग निकला। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुटी है। इस सबंध में नौगढ़ थानाध्यक्ष कृपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना में चार लोगों कि मौत हुई है जबकि कई घायल हैं। घटना में शामिल ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के लिये जानी कार्यकर्ताओं की राय

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



मंडल अध्यक्ष की घोषणा के बाद भाजपा मे अब जिलाध्यक्ष को लेकर गहमागहमी शुरू हों गयी है और सभी संभावित दावेदारों ने अपना गणित लगाना शुरू कर दिया है। जिलाध्यक्ष की रायसुमारी को लेकर आज भाजपा संभाग कार्यालय में प्रदेश द्वारा बनाये गये पर्यवेक्षक पहुँचे और जिले के सभी महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओ से राय जानी और सभी संभावित प्रत्याशीयों से भी वार्ता की। इस मौके पर पर्यवेक्षक केदारनाथ विधायक व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, रुद्रपुर पूर्व मेयर रामपाल सिंह, रवि अग्रवाल ने कहाँ की भारतीय जनता पार्टी अपना संगठन पर्व मना रहीं है और सभी बूथ इकाइयों के बाद मंडल अध्यक्षों की घोषणा हों चुकी है और शीघ्र ही कार्यकर्ताओ की रायसुमारी के बाद जिलाध्यक्ष की घोषणा होंगी और नये प्रदेश नेतृत्व को चुना जायेगा। जिला चुनाव अधिकारी कुंदन परिहार ने बताया कि पर्यवेक्षक आज रायसुमारी के बाद अपनी रिपोर्ट प्रदेश को सौपेंगे और शीघ्र जिलाध्यक्ष की घोषणा होंगी। नैनीताल जिलाध्यक्ष के लिये वर्तमान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, उमेश शर्मा, प्रदीप जनौटी, शंकर कोरंगा, प्रताप सिंह बोरा,कमल नयन जोशी, संजीव कुंवर, अजय राजोर,प्रतिभा जोशी, हरिमोहन अरोरा, दिनेश खुलबे,रघुवर दत्त जोशी, सचिन साह,नवीन चंद्र भट्ट ने दावेदारी की है और अपने पक्ष में राय देने की अपील की। इस मौके पर विधायक सरिता आर्य, पूर्व केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट,प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, जिला पंचायत प्रशासक बेला तोलिया, पार्षद, भाजपा के सभी मोर्चा के जिलाध्यक्ष व प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# कल से 10 मार्च तक सरस आजीविका मेले का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर मे 1 मार्च से 10 मार्च तक सरस आजीविका मेला -2024-25 का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में चल रही है। मेले की तैयारियों का जायजा मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने लिया। इस दौरान उन्होंने विकास विभाग के साथ ही पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि मेला परिसर में कुल 251 स्टॉल बनाए गए हैं। जिनमें उत्तराखंड समेत कई राज्यों के स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जाएगा । उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले बच्चों के मनोरंजन के लिए फन पार्क भी बनाया जा रहा है। सरस मेले में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी स्टाल आरक्षित किए गए हैं। जिनमें विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मेले के लिए अभी तक 197 स्टॉल की बुकिंग हो चुकी है। इस मेले के दौरान उत्तराखंड की संस्कृति के भी रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए प्रदर्शित किए जाएंगे। जिन्हें विभिन्न स्थानीय लोक कलाकारों और स्थानीय सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि कुल मिलाकर दस दिनों तक चलने वाले इस सरस मेले में आने के लिए अभी तक देशभर के 13 राज्यों से जुड़े स्वयं सहायता समूह ने अपना रजिस्ट्रेशन करा दिया है। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, एपीडी चन्दा फर्तयाल, बीडीओ तनवीर असगर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कोऑपरेटिव सोसाइटियों के चुनाव के मामले में सरकार सहित अन्य को कोई राहत नहीं

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में चल रहे कोऑपरेटिव सोसाइटियों के चुनाव के मामले में सरकार सहित अन्य को कोई राहत नहीं दी है। राज्य के उच्च न्यायलय ने इस मामले पर वीरवार को पुनः सुनवाई की, जिस पर सुनवाई करते हुए उत्तराखंड कोऑपरेटिव इलेक्शन ट्रिब्यूनल की न्यायलय ने अपील खारिज कर दी है।

बता दें कि गत 20 फ रवरी को एकलपीठ ने मांगेराम सिरोही एवं अन्य मामले में आदेश जारी कर प्रदेश सरकार को कोऑपरेटिव सोसाइटी नियमावली के नियम 12ख अनुसार चुनाव कराने के निर्देश दिये थे। नियम 12ख में कहा गया है कि कोऑपरेटिव सोसाइटी चुनाव में मतदान का हकदार सिर्फ वही सदस्य होगा जो तीन साल से सोसाइटी का सदस्य होगा और इस अवधि में उसके द्वारा एक बार लेन-देन किया गया हो। एकलपीठ के इस आदेश को ट्रिब्यूनल की ओर से अपील दायर कर खंडपीठ में चुनौती दी गयी।

वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ में गुरुवार को अपील पर सुनवाई हुई। प्राधिकरण और प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस बीच कई प्रतिनिधि निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं। अदालत के आदेश से पूरी चुनावी प्रक्रिया प्रभावित होगी। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि नियम 12ख महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नहीं देता है। सरकार की मंशा कोऑपरेटिव सोसाइटियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिलाना है। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि केदारनाथ चुनाव के चलते सोसाइटी चुनाव की तिथि में संशोधन करना पड़ा। इसके विपरीत प्रतिवादी की ओर से कहा गया कि सरकार ने सोसाइटी चुनाव के लिये प्रक्रिया 12 सितम्बर 2024 को शुरू कर दी थी। इस बीच सरकार की ओर से कई बार तिथियों में परिवर्तन करने के साथ ही चुनाव नियमावली में संशोधन कर दिया गया। चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के बाद नियमावली में संशोधन करना गलत है। अंत में अदालत ने विस्तृत आदेश पारित करते हुए ट्रिब्यूनल की अपील को खारिज कर दिया है।

## NEWS / फटाफट

### आठ पर्यटक नैनी झील में बिना लाईफ जैकेट पहुंचे, चालानी कार्रवाई

**नैनीताल** । महाराष्ट्र से नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे आठ पर्यटक जीवनदायिनी नैनी झील में बिना लाईफ जैकेट पहने ही पैडिल बोट में नौका विहार करने लगे,साथ ही नौका विहार करते वक्त हुड़दंग मचाने लगे। पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तो वह बिना देरी किए मौके पर पहुंची,इस दौरान उन्होंने सभी आठ पर्यटकों का चालान कर भविष्य में ऐसी गलती न करने की नसीहत दी। पुलिस के मुताबिक जिन पर्यटकों का चालान किया गया उनमें क्रमशः दीप पवन (20), प्रतीक पचोरे (23), समेद कनवडे (22), सुयश पचोरे (21), संस्कार (18), अभिनव पाटिल (18),संयम मोडे (19) तथा आदित्य (20) सभी निवासी जिला महाराष्ट्र निवासी थे। इस दौरान पुलिस ने इन सभी आठों पर्यटकों को चीता कांस्टेबल अमित गहलौत ने नैनी झील से बाहर किया और बाद में चालानी कार्रवाई की। इस दौरान एलएसआई बबीता आदि भी मौजूद रहे। पुलिस ने भविष्य में नौका विहार करते समय लाईफ जैकेट पहनने की सलाह दी।

### नशे में वाहन चलाने पर वाहन सीज

**नैनीताल**। मल्लीताल कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम की ओर से वीरवार को मल्लीताल क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग की जा रही थी कि इसी दौरान यूके 04 टीए -6879 की ऑल्टो कार को चालक देवेंद्र सिंह मेहरा पुत्र शिव सिंह (निवासी सात नंबर) को नशे में वाहन चलाते हुए पाए जाने पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन को मौके पर ही सीज कर दिया गया। दूसरी ओर कोतवाल पंत ने नैनीताल नगर के सभी वाहन चालकों से गुजारिश की है कि वह यातायात नियमों का पालन वाहन चलाते समय जरुर करें।

### छात्रों को योग और प्राणायाम की जानकारी दी

**नैनीताल** ।सीएम बीएडीपी योजना के तहत कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ जिले के विकासखंड कनालीछीना के छात्रों के रीवर राफ्टिंग प्रशिक्षण के चौथे दिन यानी वीरवार को कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी ने योग और प्राणायाम की जानकारी दी ।उसके बाद छात्रों ने प्रार्थना के साथ ही राष्ट्रगान गाया। दिनेश गुरुरानी द्वारा छात्रों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। छात्रों ने गुरना देवी मंदिर परिसर में नित्य की भांति पौधारोपण किया ।छात्रों ने सरयू नदी में रीवर राफ्टिंग के साथ रीवर रेस्क्यू के साथ आपदा प्रबंधन की जानकारी ली। छात्रों ने पेडलिंग तैराकी फि लिप रिफि लिप के साथ छात्रों द्वारा घाट से चमगाड तक सरयू नदी में 6 किलोमीटर का रिवर रन किया गया ।छात्रों को प्रशिक्षण देने वालों में राजेंद्र सिंह, पदम सिंह, वेद प्रकाश तथा विनोद धामी शामिल रहे।

### रिसोर्ट स्वामी रोहित का आकस्मिक निधन



**नैनीताल**। सरोवर नगरी नैनीताल के प्रमुख होटल व्यवसायी व अर्चना होटल नैनीताल एवं वन विलास रिसोर्ट भीमताल के स्वामी रोहित बिष्ट का आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी के अनुसार 51 वर्षीय रोहित बिष्ट हल्द्वानी अपने निजी आवास में थे, जहाँ सोये हुए ही उन्हें हार्ट अटैक आया, जिसके चलते उनका आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी, पुत्री तथा माता पिता सहित भरे पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनके निधन का समाचार सुनते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार (आज) को रानीबाग स्थित चित्रशीला घाट में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान मित्र भवन , नैनीताल रोड स्टेट बैंक मेन ब्रांच के सामने से हल्द्वानी से चित्रशिला घाट रानीबाग प्रस्थान करेगी।

### एनडीपीएस एक्ट पर दो दिवसीय वर्कशॉप आयोजित

**नैनीताल**। उत्तराखंड विधिक एवं न्यायिक अकादमी (उजाला) भवाली में आगामी 10 व 11 मार्च (सोमवार व मंगलवार) को एनडीपीएस एक्ट पर दो दिवसीय वर्कशॉप आयोजित हो रही है ।बता दें कि इस विशेष वर्कशॉप में न्यायिक अधिकारी तथा नशे की रोकथाम से जुड़े एनसीबी के अधिकारी तथा राज्य के सभी जिलों के जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) व पुलिस के सीओ स्तर के अधिकारियों को भाग लेना है ।काबिलेगौर है कि राज्य के अपर सचिव विधि एवं न्याय सुधीर कुमार की ओर से इस आशय का आदेश जारी किया गया है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन तथा निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेल द्वारा वीरवार को डीएसबी परिसर में हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन तथा निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेल के निदेशक प्रो. आशीष तिवारी द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए प्रतियोगिताओं के मुख्य मकसद पर प्रकाश डाला। बता दें कि हैंडीक्राफ्ट एग्जीबिशन के तहत परिसर के ओल्ड आर्ट्स भवन के समीप

13 स्टॉल लगाए गए जिनमें विभिन्न हस्तनिर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में प्राकृतिक दृश्य, भगवान की प्रतिमाएँ समेत देश की महान विभूतियों से संबंधित पेंटिंग एवं स्केच, कांसे एवं मुंज घास से बनी सामग्री को प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन वनस्पति विज्ञान विभाग में किया गया जिसका संचालन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में डा. पैनी जोशी (उपनिदेशक) इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेल कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने सभी अतिथियोंए प्रतिभागियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रो. गीता तिवारी, डॉ. रीना सिंह, डॉ. हरीप्रिया पाठक, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. श्रुति साह, डॉ. नीता आर्या, डॉ. इकरम जीत, डॉ. कुबेर सिंह गिनती, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. हर्ष चौहान, डा. दलीप कुमार, डॉ. ऋचा गिनवाल, डॉ. नवीन पांडे तथा डॉ. हृदेश कुमार, आरिफ व शहनबाज सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधिक प्राधिकरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखण्ड राज्य विधिक प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय नैनीताल,बाह्य न्यायलय हल्द्वानी एवं रामनगर में विद्वान अधिवक्ता, न्यायालय कर्मी एवं अन्य विभागों के हितबद्ध अधिकारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार द्वारा नालसा सीएलसी, उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रियाकलापों परामर्श और कानूनी सलाह की प्रकृति में निःशुल्क और सक्षम कानूनी सहायता प्रदान करना, न्यायालय और न्यायाधिकरणों के समक्ष मामलों के संचालन में निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करना, लोक अदालत का आयोजन करना और विशेष श्रेणी के मामलों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन करना। लोक अदालत में शुल्क और विलंब को सीमित करती है और कानूनी तकनीकी पर काबू पाते हुए त्वरित न्याय सुनिश्चित करती है जनता के बीच कानूनी जागरूकता फैलाना विशेष रूप से कानूनी महत्व के विभिन्न मुद्दों पर सामाजिक विधान ऑन के लाभार्थी और बड़े पैमाने पर जनता को लक्षित करना जिन विचार अधीन बंदियों के मामले अदालत में लंबित है। उन्हें निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना, महिलाओं व बच्चों के लिए विशेष कानूनी कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनु गुलियानी द्वारा पात्र व्यक्तियों को निशुल्क सहायता प्रदान करना तथा अधिकार मित्र की भूमिका, न्याय रक्षक की भूमिका, लीगल एड क्लिनिक जो कि प्रत्येक थाने,तहसील, समुदाय केंद्र, किशोर न्याय बोर्ड में स्थापित किए गए हैं उनका कार्य, निशुल्क कानूनी सहायता के लिए पात्र व्यक्तियों के संबंध में पूर्ण जानकारी दी गई। बाह्य न्यायलय हल्द्वानी में प्रथम अपर जिला न्यायाधीश कुंवर अमनिंदर सिंह एवं बाह्य न्यायलय रामनगर में अपर जिला न्यायाधीश सायन सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मं अन्य न्यायाधीश भी मौजूद रहे।

# अभिमत

## अधूरा स्पष्टीकरण

***वर्तमान में लगे डिजिटल मीटर में क्या कमी है, यह बताया जाना चाहिए। जब उत्तराखंड राज्य नहीं बना था और उत्तर प्रदेश का हिस्सा था, तब मैन्यूअल मीटर थे। मैन्यूअल मीटर को हटाकर डिजिटल मीटर लगाये गये तो उनमें शिकायत मिली। उस समय कांग्रेस की सरकार थी। शिकायत वाले मीटर हटाकर दूसरी कंपनी को ठेका दिया गया। दूसरी कंपनी के मीटरों को त्रुटिरहित बताया गया। अब उन्हीं मीटरों को हटाया जा रहा है। उपभोक्ता से मीटर का चार्ज नहीं लेने की बात सच नहीं है।***

पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद बिजली को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। राज्य में पांच बार विधानसभा के चुनाव हुए हैं। दो बार कांग्रेस और तीन बार भाजपा को मतदाता ने सत्ता का मौका दिया है। वर्तमान में भाजपा सत्ता में है। दोनों दलों की सरकार में विपक्ष बिजली के मामले में सरकार को घेरने का प्रयास करता रहा है। विपक्षी दल कांग्रेस प्रीपेड और स्मार्ट मीटर को लेकर राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है। किच्छा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक तिलकराज बेहड़ ने प्रीपेड मीटरों को भवनों से उतार कर सड़क पर फेंक दिया। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने रुद्रपुर से भाजपा के विधायक तथा अन्य लोगों के सामने स्पष्ट किया कि प्रीपेड नहीं, स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाने का उपभोक्ताओं से कोई चार्ज नहीं लिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर से विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा। प्रीपेड मीटर जब लगाये जायेंगे तो उपभोक्ताओं से बात की जायेगी। यह स्पष्टीकरण अधूरा है। वर्तमान में लगे डिजिटल मीटर में क्या कमी है, यह बताया जाना चाहिए। जब उत्तराखंड राज्य नहीं बना था और उत्तर प्रदेश का हिस्सा था, तब मैन्यूअल मीटर थे। मैन्यूअल मीटर को हटाकर डिजिटल मीटर लगाये गये तो उनमें शिकायत मिली। उस समय कांग्रेस की सरकार थी। शिकायत वाले मीटर हटाकर दूसरी कंपनी को ठेका दिया गया। दूसरी कंपनी के मीटरों को त्रुटिरहित बताया गया। अब उन्हीं मीटरों को हटाया जा रहा है। उपभोक्ता से मीटर का चार्ज नहीं लेने की बात सच नहीं है। नये मीटर ऊर्जा निगम खरीद रहा है। ऊर्जा निगम किसी न किसी तरह उपभोक्ता से ही रकम वसूल करेगा। ऊर्जा प्रदेश बनाने का दावा राज्य बनने की रजत जयंती होने पर 25 साल में भी पूरा नहीं हुआ है। उत्तराखंड की विद्युत परियोजनाएं राज्य की जरूरत के अनुरूप बिजली उत्पादन नहीं कर पा रही हैं। राज्य को सेंटरपूल से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। बाहर से खरीदी गई अधिक मूल्य की बिजली का बोझ भी उपभोक्ता पर पड़ रहा है। राज्य के पास सिर्फ पनबिजली परियोजनाएं हैं। मौसम के अनुसार पानी की कमी और बरसात में नदियों में सिल्ट आने से टरबाइन नहीं चल पाती हैं। जलविद्युत संयंत्र ठप हो जाते हैं। ऊर्जा प्रदेश में विद्युत संकट और अव्यवस्था के लिए दोनों पार्टियां जिम्मेदार हैं। ऊर्जा निगम में स्थायी कर्मचारी हटाकर ठेके पर बिजली का काम दे दिया गया है। विद्युत व्यवस्था में आमूलचूल सुधार की जरूरत है।

# अधिवक्ताओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सूबे की धामी सरकार द्वारा बैनामा, वसीयत तथा विवाह पंजीकरण तथा म्यूटेशन सहित अन्य दस्तावेजी कार्यों को पूरी तरह ऑनलाइन किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं ने गुरुवार से राजस्व न्यायालयों और उपभोक्ता प्रतितोष आयोग में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। गुस्साएं अधिवक्ताओं ने सरकार के इस फैसले का विरोध करते हुए न्यायालयों में कार्य बहिष्कार करने के साथ ही सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी ने कहा कि सरकार के इस फैसले से अधिवक्ताओं के विधि व्यवसाय को भारी नुकसान होगा, साथ ही उनके साथ कार्यरत लिपिक व कातिब और अन्य कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। एसोसिएशन के सचिव संजय सुयाल ने ऑनलाइन रजिस्ट्री को आम जनता के लिए नुकसानदायक बताते हुए कहा कि इससे ऑनलाइन धोखाधड़ी की संभावनाएं बढ़ेंगी। जिला बार के पूर्व सचिव दीपक रूवाली ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से फर्जी रजिस्ट्रियां तैयार किए जाने की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से हजारों लोगों का रोजगार छिन जाएगा इसलिए इस आदेश के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। दूसरी ओर हड़ताल में वीरवार को अधिवक्ताओं ने विभिन्न न्यायालयों का बहिष्कार करते हुए विरोध सभा आयोजित कर सरकार का पुतला दहन किया अधिवक्ताओं ने सरकार से इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार इस आदेश को निरस्त नहीं करती तब तक उनका आंदोलन और राजस्व न्यायालयों का बहिष्कार जारी रहेगा। सभा को हरिशंकर कंसल, मनीष मोहन जोशी, राजेंद्र मेहरा, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ज्योति प्रकाश बोरा सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता मान सिंह बिष्ट, आर.पी. चंदोला, नीरज साह, दया किशन पोखरिया,राजेंद्र कुमार पाठक, गिरीश चंद्र खोलिया, पुलक अग्रवाल, कैलाश जोशी, कैलाश बल्यूटिया, प्रीति साह, मंजू कोटलिया, राकेश सुयाल, अखिल साह, प्रदीप परगाई, अनिल बिष्ट, भगवत प्रसाद, सोहन तिवारी, पंकज कुमार, पूरन सिंह बिष्ट, भगवत सिंह जंतवाल, मनीष कांडपाल, नवीन पंत, ललित रावत, शंकर चौहान, ललित जोशीए सुभाष जोशीए जितेंद्र बंगारी, कमल चिलवाल, नीलेश भट्ट, नवीन तरुण चंद्रा, गंगा बोरा, उमेश कांडपाल, मुकेश कुमार, रवि कुमार, शारिक अली खान, दीपक दानू, निर्मल कुमार, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, शाहनवाज सिद्दीकी, गौरव भट्ट तथा दिग्विजय सिंह मेहरा, नीरज गोस्वामी, संतोष, एम दानिश कुमार, पंकज जोशी, राजेंद्र बोरा, मुन्नी आर्य, तानुप्रिय जोशी, किरण आर्या, जया आर्या तथा आकांक्षा आर्या सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## योगेश पांडे को कुलपति स्वर्ण पदक से सम्मानित

**नैनीताल** । बैठक में विवि के मुखिया व कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने डीएसबी परिसर नैनीताल की वैशाली पांडे और रुद्रपुर परिसर के योगेश पांडे को कुलपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया।

इसके साथ ही विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को कुलपति ट्रॉफी प्रदान की गई, जिसमें प्रथम स्थान (एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी), द्वितीय स्थान (एसबीएस कॉलेज रुद्रपुर) तथा तृतीय स्थान डीएसबी परिसर नैनीताल का रहा। इस दौरान विभिन्न खेलों के विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया गया जिसमें वुडबॉल ( योगेश पांडे, तेजस्वी कुमार, वैशाली पांडे, कशिश शर्मा, मनजोत कौर तथा अभय बिष्ट),ड्रॉप रो बॉल ( मोहित बिष्ट, पूजा तडियाल, योगेश पांडे, वैशाली पांडे, प्रियांशी रावत, भावना रावत, सुभद्रा दास, कामिनी, कोमल, सुमित मेहता, पवन सिंह, हीरा सिंह भंडारी, सचिन पांडे तथा तेजस्वी कुमार) ने प्रदान किए गए।

# कुमाऊं विवि में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के खेल विभाग की पूर्णकालिक बैठक वीरवार को मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने की। इस अवसर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं बल्कि अनुशासन के साथ ही नेतृत्व और टीम भावना का भी विकास करते हैं। खेल ही जीवन का आधार हैं। बैठक के दौरान कुलपति प्रो.रावत ने विश्वविद्यालय में नए खेलों को शामिल करने की स्वीकृति भी प्रदान की जिससे अब भविष्य में खिलाड़ियों को और अधिक अवसर मिलेंगे।

बैठक में डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र सिंह,डॉ. गीता पंत, डॉ. विद्यालंकार, डॉ. संतोष त्रिपाठी, डॉ. सुदर्शन कुमार, डॉ. आर. के. सिंह, विशाल शर्मा, डॉ. सुदेश दुबे, डॉ. एम. के. आर्य तथा डॉ. योगेश चंद्र, डॉ भुवन मठपाल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस अवसर पर खेल विभाग के क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने स्वागत भाषण दिया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक का संचालन निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर डा. ललित तिवारी ने किया।

### ये रहे मौजूद

बैठक में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक व शिक्षण संकाय के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. दीवान एसण् रावत, वित्त नियंत्रक अनिता आर्य, कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल, कार्यपरिषद सदस्य एडवोकेट प्रकाश पांडे, प्रो. संजय पंत, प्रो. ललित तिवारी, डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा तथा डॉ. महेंद्र सिंह राणा को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा नवीन जोशी, इंदर कुमार, नरेंद्र कुमार, जीवन सिंह, डॉ. मोहित सिंह सनवाल, लोकेश शर्मा तथा जनार्दन जोशी को भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# फिल्मी दुनिया

## महाकाल चलो गाने के विवाद पर अक्षय कुमार ने तोड़ी चुप्पी



*महाशिवरात्रि 2025 से पहले जारी किए गए गीत महाकाल चलो को कथित तौर पर कुछ दृश्यों पर पुजारी संघ की आपत्तियों का सामना करना पड़ा। अब अक्षय कुमार ने गाने के एक दृश्य के खिलाफ उठाई गई आपत्तियों पर सवाल उठाते हुए आलोचना का जवाब दिया। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने हाल ही में रिलीज हुए अपने भक्ति गीत महाकाल चलो को लेकर उठे विवाद पर बात की है, जिसे उन्होंने गायक पलाश सेन के साथ मिलकर तैयार किया है। महाशिवरात्रि 2025 से पहले रिलीज हुए इस गीत को कथित तौर पर कुछ दृश्यों को लेकर पुजारी संघ की आपत्तियों का सामना करना पड़ा था। गुरुवार (27 फरवरी) को अपनी आगामी फिल्म कन्नप्पा के लिए आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अक्षय ने आलोचना का जवाब देते हुए गाने पर उठाई गई आपत्तियों पर सवाल उठाए। गाने के वीडियो के एक सीन में अक्षय शिवलिंग को गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कहा, बचपन से ही मेरे माता-पिता ने मुझे सिखाया है कि भगवान हमारे माता-पिता जैसे हैं। तो अगर आप अपने माता-पिता को गले लगाते हैं, तो इसमें क्या गलत है? क्या इसमें कुछ गलत है?*

### अक्षय की आगामी फिल्म

*मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान आगे कहा, मेरी अगर शक्ति वहां से आती है तो मेरी भक्ति को अगर कोई गलत समझे, उसमें मेरा कोई कसूर नहीं। विवाद के बावजूद महाकाल चलो गाने को उनके प्रशंसकों द्वारा खूब सराहा गया है। वहीं, अक्षय की आगामी फिल्मों के बारे में बात करें तो अभिनेता मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में भगवान शिव की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म उनकी तेलुगु सिनेमा की पहली फिल्म है, जो 25 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली है। अक्षय को आखिरी बार बड़े पर्दे पर वीर पहाड़ियां, निम्रत कौर और सारा अली खान के साथ स्काई फोर्स में देखा गया था। उनके पास फिल्मों की एक दिलचस्प लाइन-अप है। अभिनेता अगली बार केसरी चैप्टर 2, हाउसफुल 5, भूत बंगला, वेलकम टू द जंगल जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।*

# दो दिवसीय बूट कैंप का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में दो दिवसीय बूट कैंप का आयोजन किया गया।

बता दें कि इस योजना का मुख्य मकसद विद्यार्थियों को उद्यमिता के प्रति प्रेरित करना तथा उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना है। योजना के तहत उत्तराखंड सरकार ने उद्यमिता विकास संस्थानए अहमदाबाद के साथ करार किया हैए जिसके अनुसार राज्य के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को उद्यमिता से जोड़ने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि परिसर की निदेशक प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा ने प्रतिभागियों एवं आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ललित तिवारी (विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान एवं निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए डॉ. विजय कुमार ने सभी अतिथियों तथा प्रतिभागियों एवं मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. किरण तिवारी (महिला अध्ययन केंद्र कुमाऊं विश्वविद्यालय) ने विद्यार्थियों को उद्यम स्थापना की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों को नए रूप में प्रस्तुत कर उद्यम स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा की और राज्य में उत्पादों के जियो.टैगिंग के महत्व को भी रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के प्रोजेक्ट ऑफिसर अभिषेक नंदन ने कार्यक्रम में उत्तराखंड सरकार और संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभाग किया। इस आयोजन में डा. शिवांगी चनियाल, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. पूजा जोशी पालीवाल, डॉ. गौतम रावत, डॉ. रितिशा शर्मा, डॉ. हृदेश शर्मा और डॉ. सीमा चौहान सहित लगभग 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। गौरतलब है कि कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विजय कुमार (नोडल ऑफि सर देवभूमि उद्यमिता केंद्र डीएसबी परिसर नैनीताल) द्वारा किया गया।

## News कॉर्नर

### नैनी झील में पहुंचा रहा है चार्टन लॉज से सीवर

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में सीवर चार्टन लॉज से नैनी झील में समाने वाला नाला लंबे समय से झील में पहुंचा रहा है। झील में भारी मात्रा में गंदगी समाने से झील का पानी प्रदूषित हो रहा है। लोगों ने समस्या का समाधान करने की मांग की है। बता दें कि बीते लंबे समय से सीवर का गंदा पानी नालों के रास्ते झील में समा रहा है। बृहस्पतिवार को भी मल्लीताल क्षेत्र में चार्टनलॉज से झील में पहुंचने वाला नाले से भारी मात्रा में सीवर झील में समाता रहा। जिससे क्षेत्र में दुर्गंध फैल गई। सूचना पर क्षेत्र के सभासद रमेश कुमार भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने जल संस्थान से समस्या के समाधान की मांग की। मामले में जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही समस्या का समाधान कर दिया गया था।

### नाबालिगों को बाइक देने पर कार्रवाई

**नैनीताल ।** नाबालिगों को बाइक चलाने के लिए देने पर फिर एक वाहन स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बाइक सीज कर बाइक स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर पुलिस नाबालिग बाइक चालकों के खिलाफ जमकर कार्रवाई कर रही है। दो नाबालिग एक बाइक यूके 04 जे 9457 दौड़ाते हुए तल्लीताल चौराहे पर पहुंचे। मौके पर चैकिंग कर रही पुलिस ने नाबालिगों को रोक लिया। दोनों ने अपनी उम्र 17 वर्ष बताई तो पुलिस ने बाइक अपने कब्जे में ले ली। जिसके बाद पुलिस ने वाहन स्वामी का पता किया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि नाबालिग को वाहन चलाने देने पर वाहन स्वामी विजय मण्डल निवासी बिन्दुखत्ता लालकुआं के खिलाफ एमवी एक्ट की धारा 199ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भारत सरकार सेमीकंडक्टर निर्माण को गति देने को कार्य कर रही: पाण्डेय

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आई.टी.एक्सपर्ट तथा कंटेंट राइटर के.के.पाण्डेय ने कहा है कि भारत सरकार सेमीकंडक्टर निर्माण को गति देने के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं पर कार्य कर रही है जिसका मुख्य मकसद देश को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाना और वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बनाना है। पाण्डेय ने कहा कि उत्तराखंड जो अपनी भौगोलिक संरचना और आर्थिक परिस्थितियों के कारण भारी उद्योगों की स्थापना के लिए सीमित अवसर रखता है, इस उभरते हुए क्षेत्र में रणनीतिक पहल कर सकता है। विशेष रूप से फैबलेस सेमीकंडक्टर डिजाइन और आईटी



क्षेत्र में निवेश राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकता है। पाण्डेय के मुताबिक उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियाँ पारंपरिक विनिर्माण उद्योगों की स्थापना के लिए उपयुक्त नहीं हैं लेकिन राज्य में तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पर्याप्त संभावनाएँ मौजूद हैं। यहाँ कई प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान हैं जो कुशल मानव संसाधन तैयार कर सकते हैं। यदि राज्य सरकार प्रभावी नीतियाँ अपनाए तो उत्तराखंड सेमीकंडक्टर डिज़ाइन‌ए एम्बेडेड सिस्टम डेवलपमेंट और इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है। पाण्डेय की मानें तो तेलंगाना मॉडल,उत्तराखंड के लिए प्रेरणा है। तेलंगाना, विशेष रूप से हैदराबाद, भारत में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। वहाँ की सरकार ने निवेश अनुकूल नीतियाँ अपनाकर वैश्विक कंपनियों को आकर्षित किया जिससे आज वहाँ एक सशक्त टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम विकसित हो गया है। उत्तराखंड भी इसी प्रकार की रणनीतियों को अपनाकर तकनीकी क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित कर सकता है।

### आईटी उद्योग को बढ़ावा देने हेतु विकास जरूरी

आई.टी.एक्सपर्ट तथा कंटेंट राइटर के.के.पाण्डेय ने कहा कि सेमीकंडर व आईटी उद्योग को बढ़ावा देने हेतु जरुरी रणनीतियों में शैक्षिक संस्थानों का सशक्तिकरण,फैबलेस सेमीकंडक्टर डिज़ाइन को प्रोत्साहन,आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स पार्क की स्थापना,नीतिगत समर्थन और वित्तीय प्रोत्साहन तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास शामिल है।

### आईटी क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाना चाहिए

आई.टी.एक्सपर्ट तथा कंटेंट राइटर के.के.पाण्डेय की मानें तो उत्तराखंड को अपनी आर्थिक और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारी उद्योगों की बजाय हाईटेक इंडस्ट्री, विशेष रूप से सेमीकंडक्टर डिजाइन और आईटी क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। केंद्र सरकार की सेमीकंडक्टर प्रोत्साहन योजनाओं के तहत राज्य अपने तकनीकी बुनियादी ढांचे को मजबूत कर सकता है और एक उभरते हुए टेक्नोलॉजी हब के रूप में अपनी पहचान बना सकता है। यदि सही रणनीतियों को लागू किया जाए तो उत्तराखंड न केवल आत्मनिर्भर भारत पहल में योगदान दे सकता है बल्कि सतत आर्थिक विकास के एक नए मॉडल की भी स्थापना कर सकता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ई रिक्शा चालक की मौत

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

संदिग्ध हालातों में ई रिक्शा चालक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

इधर परिजनों ने मामले में पड़ोसी पर ई रिक्शा चालक को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से हरियाल थाना पटवारी रामपुर उत्तर प्रदेश हाल शास्त्री नगर निवासी 20 वर्षीय सुमित पाल पुत्र ओमप्रकाश रोजाना की तरह वह ई रिक्शा लेकर घर से निकला था। गुरूवार देर शाम सुमित गुरूनानक स्कूल के पास ई रिक्शा में बेहोशी की हालत में पड़ा था।

बताया जा रहा है कि सूचना मिलने पर सुमित का फुफेरा भाई राजकुमार वहां पहुंचा। इस दौरान सुमित के मुंह से झाग निकल रहा था। राजकुमार उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचा जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए रैफर कर दिया गया। इसके बाद सुमित को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पहुंची । पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। परिवार के लोग पड़ोसी परिवार पर सुमित को जहरीले पदार्थ देने का आरोप लगा रहे हैं। आशंका जताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पांडेय ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत का सही कारण पता चलेगा।

**आरोप**

- काशीपुर बाई पास रोड पर ई रिक्शा में ही बेहोशी की हालत में पड़ा था, परिजनों ने लगाया पड़ोसी ने जहर देकर हत्या का आरोप

### नाबालिग साली को लेकर जीजा फरार, मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** नाबालिग साली को प्रेम जाल में फंसाकर जीजा घर से फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर फरार जीजा और किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में रम्पुरा निवासी एक युवक ने पुलिस को बताया कि उसका सगा जीजा मन्नु पुत्र लीलाधर निवासी पुरानी मण्डी किच्छा ने उसकी 14 साल की छोटी बहन को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि 19 फरवरी को जीजा मन्नु 14 साल की साली को बहला फुसलाकर घर से भगा ले गया। तब से मन्नु का फोन भी बंद है। किशोरी के परिजनों ने उसके साथ अनहोनी की आशंका जतायी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी और उसके जीजा की तलाश शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक आयोजित हुई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिये पुलिस, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की टीम बनाकर निरंतर चैकिंग अभियान चलाया जायें।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर तम्बाकू व धूम्रपान का सेवन करने वालों का चालान की कार्यवाही की जाये। उन्होंने शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के सभी शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त करने हेतु शैक्षणिक संस्थानों में समय-समय पर चैकिंग किया जाये, यदि शिक्षक भी तम्बाकू का सेवन करते हुये पाये जाते है तो सम्बन्धित के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाये। यदि कोई भी दुकानदार शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू बेचते हुये पाया जाता है तो दुकानदार का भी चालान किया जाये। उन्होने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों व ग्राम पंचायतों में तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया जाये व लोगों को जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि स्वयं से शुरू करते हुए जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों को तम्बाकू मुक्त किये जाने हेतु कार्यालयध्यक्षों की जबावदेही तय की जायेगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की बैठक जनपद व विकासखण्ड स्तर पर प्रत्येक माह करायी जाये बैठक में डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, उप जिलाधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी जसपुर सीएस चौहान, एसीएमओ डॉ एसपी सिंह, सीईओ केएस रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन आदि मौजूद रहे।

# दबंगों ने एक घर में घुसकर परिजनों पर हमले का प्रयास किया, बमुश्किल जान बचाई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

आदर्श कालोनी वार्ड 29 में कुछ लोगों ने एक घर में धावा बोलकर धारदार हथियारों से परिवार पर हमले का प्रयास किया। परिवार के लोगों ने बमुश्किल अपनी जान बचाई।

जाते जाते हमलावर घर के बाहर खड़ी कार सहित दो वाहनों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करके फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की गुहार लगायी है। पुलिस को दी तहरीर में आदर्श कालोनी निवासी गुलशन पत्नी मोहदम्मद मुजीब ने बताया कि बीती रात करीब नौ बजे वह घर पर परिवार के अन्य लोगों के साथ मौजूद थी। तभी पड़ोस का ही एक व्यक्ति घर में घुसकर गाली गलौच करने लगा। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर चला गया। आरोप है कि बाद में वह कुछ अन्य लोगों के साथ आया। सभी लोग तलवार और धारदार हथियारों से लैस थे। उन्होंने घर में घुसकर हमला करने का प्रयास किया लेकिन किसी तरह घर के लोगों ने गेट बंद कर खुद को बचाया। इस दौरान उक्त लोगों ने घर के बाहर खड़े वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गये। घटना से परिवार के लोग दहशत में है। फिलहाल समाचार लिखने तक मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुयी थी। पुलिस का कहना है कि पुलिस जांच शुरू कर दी।

**दबंगई**

- हमलावरों ने घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की



### 10 व 11 मार्च को होगी वर्कशॉप आयोजित

**नैनीताल ।** उत्तराखंड विधिक एवं न्यायिक अकादमी उजाला भवाली में 10 व 11 मार्च को एन डी पी एस एक्ट पर दो दिवसीय वर्कशॉप आयोजित हो रही है । इस वर्कशॉप में न्यायिक अधिकारी, नशे की रोकथाम से जुड़े एन सी बी के अधिकारी, राज्य के सभी जिलों के जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी व पुलिस के सी ओ स्तर के अधिकारियों को भाग लेना है । राज्य के अपर सचिव विधि एवं न्याय सुधीर कुमार की ओर से इस आशय का आदेश जारी किया गया है ।

# उत्तरांचल वन श्रमिक संघ रानीबाग का वार्षिक सम्मेलन आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तरांचल वन श्रमिक संघ रानीबाग (नैनीताल) का वर्ष 2025 का वार्षिक सम्मेलन वीरवार को नारायणनगर स्थित हिमालयन बोटैनिकल गार्डन के सभागार में आयोजित किया गया।

बता दें कि सम्मेलन में नैनीताल वन प्रभाग, हल्द्वानी वन प्रभाग, वन वर्धनिक नैनीताल, रामनगर वन प्रभाग, कार्बेट टाईगर रिजर्व, कालागढ़ टाईगर रिजर्व, कोटद्वार वन प्रभाग तथा टिहरी वन प्रभाग आदि वन प्रभागों के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे। वार्षिक सम्मेलन के दौरान वर्ष 2025 के चुनाव में प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किया, जिसमें वर्ष 2025 चुनाव हेतु जीवन सिंह रजवार को अध्यक्ष तथा जितेन्द्र सिंह रावत को महामंत्री बनाया गया।

इसके अलावा कमल सिंह रावत तथा प्रीतम तिवारी को उपाध्यक्ष जबकि देव सिंह व प्रेम सिंह बिष्ट को संयुक्त मंत्री तथा भूपाल सिंह बंगड़वाल को कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। सम्मेलन में दैनिक श्रमिकों के विभिन्न समस्यों जैसे वेतन प्रकरण, विनियमितकरण नियमावली 2013, दैनिक श्रमिकों के फ ेल्ड स्तर पर आ रही समस्याओं के साथ ही न्यूनतम वेतन व डीए पर चर्चा आदि विषयों पर संघ द्वारा आगामी एजेण्डा तैयार किये गया। अंत में सभाध्यक्ष ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाओं के साथ वार्षिक सम्मेलन का समापन किया।

# शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन: शिक्षा की एक नई पहल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के खूबसूरत क्षेत्रों में, पिछले तीन वर्षों से एक उल्लेखनीय पहल चल रही है। शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन ने क्षेत्र के युवा दिमागों को विज्ञान के प्रति जुनून पैदा करने के लिए अथक प्रयास किया है।

50,000 से अधिक छात्रों तक पहुंचने के साथ, यह संगठन दूरदराज के क्षेत्रों के बच्चों के लिए विज्ञान को सुलभ और आकर्षक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिसमें महाविद्यालयों के कुछ छात्र अपनी शिक्षा ग्रहण करने के साथ साथ विज्ञान को प्रयोगों के माध्यम से सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में बच्चों के अंदर वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने का कार्य



नि:शुल्क कर रहे हैं। संस्था इसके अतिरिक्त किताबों का वितरण करती आ रही है। संस्था के द्वारा सरकार द्वारा चलाए जा रहे विज्ञान महोत्सव , इंस्पायर अवार्ड, राष्ट्रीय बाल विज्ञान महोत्सव, विज्ञान संगोष्ठी आदि कार्यक्रमों में अनेकों छात्र छात्राओं को मार्गदर्शित किया है तथा राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभा कराया है। इसकी अतिरिक्त शिवालिक बाल विज्ञान फाउंडेशन प्रदेश भर के विभिन्न शहरों में निशुल्क प्रयोग कोचिंग शिक्षा भी प्रदान करता है। सोशल मीडिया में लाखों लोगों द्वारा उनके वीडियो को देखा जा रहा है । संस्था के यूट्यूब पर 10000 सब्सक्राइबर और इंस्टाग्राम पर 25000 फॉलोअर्स हैं । और इनको देखने वालों की संख्या कई मिलियन में है ।

### प्रयोग आधारित शिक्षा: एक नवीन दृष्टिकोण

फाउंडेशन का विज्ञान शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण प्रयोग आधारित शिक्षा पर केंद्रित है। व्यावहारिक अनुप्रयोगों से सैद्धांतिक अवधारणाओं को जोड़ने के लिए इंटरैक्टिव और हाथों-हाथ प्रयोगों को डिजाइन करके, वे छात्रों को महत्वपूर्ण सोच और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने में मदद करते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल सीखने को मजेदार बनाता है, बल्कि छात्रों को व्यावहारिक अनुप्रयोगों को समझने में भी मदद करता है। प्रयोगों को सावधानी से तैयार किया जाता है ताकि वे एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार हों, जिससे छात्र पुस्तकों की अवधारणाओं से संबंधित कर सकते हैं।